and curtailed with a view to increasing indigenous availability. Moreover, under Public Notice No. 140/70 dated 11-9-70 for export purposes, the Engineering industries were allowed to import any quantity of Mild Steel items required against confirmed export orders.

**Import of Steel**

7174. SHRI C. C. DESAI :
SHRI DEVINDER SINGH GARCHA :

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) whether an unexpectedly sharp fall in the steel production in the current year will occur due to the leakage of coke oven gas at Bhilai and the collapse of roof at Rourkela ;

(b) whether immediate steps have been taken to make additional crash import of such steel to meet this unanticipated shortage ; and

(c) the period by which such additional imported steel is likely to be received in India ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRI SHAHNAWAZ KHAN) : (a) to (c). An assessment is being made of the likely shortfall which would arise as a result of the mishaps at Bhilai and Rourkela. Total steel production is, however, likely to be less than in 1970-71.

Imports will also be made to the extent considered necessary in the light of the assessment, subject to the constraints of foreign exchange. The timing of imports will also depend on availability of the items abroad at the best prices.

---

**12.00 hrs.**

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

REPORTED BREACH IN THE GUPTA BANDH POSING A SERIOUS THREAT TO BARAUNI OIL REFINERY

**श्री राम सहाय पांडेय** (राजनन्दगांव) : अध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर सिंचाई और विद्युत मन्त्री का ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दें :

"गुप्ता बांध में दरार पड़ जाने के कारण बरौनी तेलशोधक कारखाने को गम्भीर खतरा पैदा हो जाना।"

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA (Begusarai) : Sir, I want to make a submission on this. This has now been put forward for answer by the Minister of Irrigation and Power. But it should actually be answered by the Minister of Petroleum and Chemicals. Because the Irrigation Minister cannot say to what extent damage has been caused to this refinery. Secondly, there should be a full-fledged discussion on floods. Patna is under threat now. Even in Barauni not only the oil refinery but he whole industrial complex the fertilizer factory and so on are in danger. In view of all this there should be a full-fledged discussion.

MR. SPEAKER : If a notice is given and if rules permit, it can be done. But do not try to get it out of a Calling Attention motion.

THE MINISTER OF IRRIGATION AND POWER (DR. K. L. RAO) : The Barauni Oil Refinery and the Thermal Station situated on the left bank of the Ganga are protected against flooding by an old embankment running from upstream of Mokameh Bridge to about 33 km downstream of the bridge. The upstream portion of the embankment is called Kasba Rupnagar embankment and the lower one the Gupta embankment. The railway embankment from Barauni to the Mokameh Bridge and the National highway 31 also act as second line of defence to these installations, on the western side.

In the second half of July the Ganga started rising in Bihar. It crossed the warning stage of 48.6 m at Gandhighat near Patna on July 21 and attained the level of 49.429 on July 30. It receded a little thereafter but started rising again on August 3. The level this morning was 49.55 m. Though the levels of the Ganga upstream are falling, due to the floods in the Sone, further rise is forecast. At

Hathidah near Mokameh, the Ganga crossed the warning stage of 41,757 on July 21 and the level this morning was 43.0 m. Thus, there have been sustained high floods. in the Ganga for nearly a fortnight.

The Kasba Rupnagar embankment on the west of the National Highway near Barauni Thermal Station breached in a length of about 20 m. on August 3 at about 14 hrs. The flood waters passing through the breach had inundated about 1000 ha between the railway line and the Kasba Rupnagar embankment. The water had reached upto Baro village which is about 2 km south of Barauni railway station. The Barauni Oil Refinery and the Thermal Power Station areas have not been affected. In order to prevent water from entering these areas, all the openings under National Highway through which water can enter have been plugged. Vigil is being kept round the clock by the State Irrigation Department, the India Oil Refinery and the Thermal Station authorities. The Irrigation Department have taken measures to prevent further widening of the breach and also started the work on the plugging of the breach.

All precautionary measures to avert further breaches in the embankments have been taken up by the Bihar Irrigation Department with the cooperation of Indian Oil Refinery, Barauni Thermal Station and Fertiliser authorisies, Indian Oil Refinery pipeline is safe and is in operation.

**श्री राम सहाय पांडेय** : अध्यक्ष महोदय, जो उत्तर डा० के० एल० राव ने दिया है उससे तो ऐसा पता चलता है कि पानी आया, बाढ़ आई और दरार भी पड़ी लेकिन नुकसान का जायजा उन्होंने नहीं दिया और शायद वह दे नहीं सकते । जैसा कि श्यामा नन्दन जी ने कहा वहां इतना बड़ा इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स तयार किया गया, फर्टिलाइजर का प्लान्ट वहाँ पर है, आयल रिफाइनरी , थर्मल प्लांट हैं, पेपरों से पता चलता है कि बड़ा भारी खतरा उसको पैदा हो गया है और केवल यह पता ही नहीं चलता, बल्कि वहां के क्षेत्रीय समाचार पत्रों ने भी इस खतरे को समझा है और सावधान करने के लिए उन्होंने सरकार की आलोचना भी की है । यह जो बांध है यह छोटा सा बांध बिहार सरकार ने बनाया था वहां के किसानों की रक्षा के लिए । मैं जानना चाहता हूं, मालूम नहीं इस का उत्तर कौन देगा, जिस समय इतना भारी इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स वहाँ तैयार किया गया जिसमें 20 करोड़ का थर्मल प्लाँट, फर्टिलाइजर प्लाँट और आयल रिफाइनरी यह सब बनाये गए, तो इस बात की सावधानी क्यों नहीं रखी गई कि अगर कल को वैलासिटी आफ वाटर ज्यादा हो जाय, फ्लड आ जाय तो वह इसे तोड़ सकता है ? और उससे कितना नुकसान हो सकता है ? 21 जुलाई को सोन नदी में पानी बढ़ा और गंगा में वह पानी आया उससे बाढ़ आई तथा एक बड़ा भारी हैवक क्रियेट हो गया और यह इतना बड़ा नेशनल इन्वेस्टमेंट है जिसका संबंध केन्द्र से है अगर वह खतरे में आ गया तो उसके नुकसान का जायजा कौन देगा ? या तो यह कीजिए कि जितने भी बांध हैं उनके आस पास जितने भी इन्डस्ट्रियल काम्प्लक्स आप बनाते हैं पहले उसके प्रोटेक्शन को देख लें कि बाँध की क्या स्थिति है, वेलासिटी आफ वाटर कितना आ सकता है, रेलवे की क्या स्थिति है, उसका 25 वर्ष या 50 वर्ष का इतिहास देख लें । अब यह जो करोड़ों रुपये का इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स हमने बनाया और वह खतरे में आ गया एक छोटे से बांध में दरार पड़ जाने से, मैं तो यह पूछना चाहता हूँ यह दरार पड़ी क्यों? कैसे पड़ी ? उसका मैटीरियल क्या खराब लगाया गया था ? किसने उसको बनाया ? उसका दायित्व किस के ऊपर है ? उसको सजा मिलनी चाहिए । उसका केन्द्र से क्या सम्बन्ध हैं ? मैं समझता हूं कहीं ऐसा न हो कि कल को भाखरा नंगल डैम में दरार पड़ जाय और दिल्ली डूब जाय क्योंकि मुझे कोई भरोसा नहीं है, यह जितने भी डैम तैयार किए गये हैं चाहे छोटे हों, मझले हों या बड़े हों इनकी पोटेंशियल जो आंकी जाती है यह ठीक होगी या नहीं । अब यह दरार पड़ गई । आप उत्तर देख लीजिए क्या कहते हैं ? पानी आ गया, बाढ़ आ गई, थोड़ी सी बढ़ी, कम हुई । नेशनल हाईवे डूब

[श्री राम सहाय पाण्डेय]

गया और वह लोअर लेवेल पर है । लेकिन कोई नुक्सान नहीं हुआ । मैं आपसे कहता हूँ कि यह उत्तर ठीक नहीं है, बिलकुल ठीक नहीं है और इसलिए मैं श्याम नन्दन जी की उस बात का समर्थन करता हूं कि आधे घन्टे की इस पर बहस होनी चाहिए और रिपोर्ट आनी चाहिए । जो इसके मिनिस्टर हैं उनको भी आना चाहिए कि कितना नुकसान हुआ है ? इन शब्दों के साथ मैं जानना चाहता हूं कि क्या आप के पास उस इन्डस्ट्रियल काम्प्लेक्स की जितनी इन्डस्ट्रीज हैं जिसमें थर्मल प्लांट है, रिफाइनरी है, फर्टिलाइजर प्लांट है, उनके अधिकारियों से कोई सूचना आई है या उनको आपने एन्क्वायर किया है कि कितना नुक्सान हुआ या कल को बाढ़ आ जाय तो कितनां नुकसान होने की सम्भावना है ? और वह जो दरार पड़ गई है वह दरार क्यों पड़ी ? यह तो बतलाइये कम से कम ।

DR. K. L. RAO : Only this morning we contacted the Barauni authorities and they said that all the vital installations were perfectly safe and no water was approaching those vital installations.

The hon. Member is not correct when he said that water has overflowed the national highway. The national highway is very high. What has been submerged is the small culverts.

There is no use simply exaggerating things and trying to work ourselves up. It is true that there are vital installations here costing millions of rupees which involve the national economy. We are aware of it.

This breach has occurred in an area where they did not expect it What they expected was that the lower portion would be affected ; so, the refinery people strengthened the embankments downstream. But the breach has occurred upsteam. The water entered there and has been obstructed by the railway line and the national highway. No drop of water is going inside. They are taking all necessary precautions. They have called the military also. It is kept in readiness so that in case anything happens, it would rush there. At the moment all is under control.

The Ganga is in a high spate this year for a fortnight. Naturally, banks give way.

The hon. Member said about the Bhakra Dam. The Bhakra Dam is entirely different. It will never breach. Even if Members want, it cannot. But this one is a small earthen bank which is put there. We have got thousands of miles of earth banks. We cannot construct a Bhakra Dam along all the rivers.

Therefore I do not think there is anything for us to get excited about it. We are taking all precautions against the floods.

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour) : Dr. K. L Rao, I consider, is one of the most knowledgeable Ministers we have but I have a feeling that this morning he is not posted with up-to-date information because I have the latest information that the breach has widened considerably and water has made further progress.

Of course, if industry is damaged, they have the money—the private sector and the public sector—and they will be able to repair it. But when it concerns the poor common man, the farmer, whose crop, house, property and life, once they are lost and damaged, they are never repaired.

It has become an annual thing here. I am carrying coal to Newcastls because I am saying is by Dr. Rao himself. I will give certain figures and tell you why floods are taking place and what they have done.

MR. SPEAKER : Only in this area.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : It covers your area, my area, his area, the whole of India because the river Ganga passes through, you know, how many States. You cannot tackle River Ganga within the constituency of Mishraji ; it has to be tackled at Kanpur, Rishikesh and many places. So, it will be interesting to know.

The damage due to floods is due to a few reasons, namely, spilling of rivers, concentrated and heavy intensity of rainfall in localised areas and cyclones. Soil conservation and prevention of erosion is very

much important. Measures for control of soil erosion in the upper catchment of these areas are a must. But they have done very little. I will give you some figures of the damage.

MR. SPEAKER : It is not a discussion on floods. It is regarding breach in the Gupta Bund.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : The damage caused by floods in this country is unchecked. In 1961-70 for certain categories it was Rs. 778 crores and for the same period for certain other categories it was Rs. 1,231 crores. Work carried out by this Government up to March 1969 was only Rs. 185 crores. A large amount of work is still to be done. Also, flood due to inundation. Each sq. miles means over 600 acres and each acre, for one crop season, means a loss of Rs. 2000. If you calculate it that way, each year, you are losing that amount of money which can prevent these floods for ever. You have been to China, Dr. K. L. Rao, and you kindly tell us what you have seen in China as to how they have tamed rivers there. Why is it you are not doing these things here.

DR. K. L. RAO : **I agree** with the hon. Member that we should take care of the flood control problem because it is causing us losses every year. But this has got to go about to the extent of finances we have in a gradual way. So far we have tackled one-quarter of it and we hope to tackle another quarter in the next 10 years. Here, unfortunately, the breach has occurred in the embankment which is already there. I concede that wherever such vital installations are involved, we must take extra precautions to ensure that these breaches do not occur and, in case that happens, we should have a second line of defence.

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** (ग्वालियर) : अध्यक्ष जी, मन्त्री महोदय ने यह स्वीकार किया है कि पिछले 15 दिनों से गगा में बाढ़ आ रही है, उस बाढ़ के परिणामस्वरूप बरौनी का सरकारी औद्योगिक संस्थान, जिसमें सामाजिक क्षेत्र की कम से कम 150 करोड़ रुपये की पूंजी लगी हुई है, खतरे में पड़ गया है। मन्त्री महोदय सदन को विश्वास में लेकर बतायें कि जब बाढ़ का खतरा पिछले 15 दिनों से चल रहा था, तो इस बरौनी के संस्थान में पानी का प्रवेश न होने पाये, इससे लिए कौन सी रोकथाम की कार्यवाही की गई ?

मेरी समझ में नहीं आता कि यह गुप्ता कौन हैं, किस के नाम पर इसका नाम रखा गया है। क्या यह सम्भव नहीं है कि इस प्राजेक्ट को बाढ़ से बचाने का काम केवल राज्य सरकार को न सौंपा जाता, बल्कि इसके लिये एक ज्वाइन्ट प्राजेक्ट बनाया जाय। मैं जानना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार इस बरौनी काम्प्लेक्स की बाढ़ से रक्षा करने के लिये कहां तक जिम्मेदार है।

मन्त्री महोदय ने कहा है कि राज्य सिंचाई विभाग, भारतीय तेल शोधक कारखाना और तार-विद्युत केन्द्र के प्राधिकारी चौबीसों घन्टे सर्तकता बरत रहे हैं। आखिर तेल शोधक कारखाने के अधिकारी क्या सतर्कता बरत रहे होंगे, उनके पास तो इस बात का प्रबन्ध नहीं हो सकता कि जहाँ से पानी आ रहा है, उसको रोक सकें सम्भव है कि पानी हमारे नेशनल हाई-वे को भी काट दे। उसकी भी रोकथाम का प्रबन्ध करना जरूरी है। क्या राज्य सरकार पर ही यह सारी जिम्मेदारी छोड़ दी जायगी या केन्द्र से कोई उच्च-अधिकारी वहाँ जा रहे हैं जो इस सारे प्रबन्ध को समन्वित करेंगे, कोआर्डिनेट करेंगे, जिससे न केवल बरौनी काम्प्लेक्स खतरे में पड़ने से बच जायेगा, बल्कि बाढ़ के कारण आस-पास के जो गांव बड़ी सख्या में जलमग्न होने वाले हैं, उनकी भी रक्षा हो सकेगी।

मन्त्री महोदय यह बताने की भी कृपा करें कि गंगा की बाढ़ आने के कारण पटना शहर को जो खतरा पैदा हो गया है, उसको रोकने के लिये क्या किया जा रहा है। राजेन्द्र स्टेडियम में पानी भर गया है, राजेन्द्र नगर में घुटनों तक जल है। अभी राजेन्द्र स्टेडियम में सत्तारूढ़ दल का अधिवेशन हुआ था, कहीं ऐसा तो नहीं

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

है—जहां-जहां चरण पड़े सन्तन के, तहां-तहां बाढ़ का पानी घुसता जायगा। लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि पटना जो बिहार की राजधानी है, उसको बाढ़ के चंगुल से बचाने के लिए केन्द्रीय स्तर पर कोई प्रयत्न हो रहे हैं या नहीं। दूसरी बात—बरौनी काम्प्लेक्स को बचाने के लिये नई दिल्ली में क्या किया जा रहा है ?

DR. K. L. RAO : About Patna, I was there last month and I also gave instructions to the Chief Engineer there that they should prepare a scheme by which low portion of the city of Patna can be prevented from flowing water from the river Ganga. They have taken all the necessary precautions.

But the Ganga is giving much trouble this year. We are able to protect against the Phoon-Phoon river. For example the Ganga rise at Gandhighat is very high and the water has entered a few places like the University area and some other areas the hon. Member has mentioned but not the Patna City proper. Water is there, but this can be prevented very easily by constructing embankments or walls all along the front at the Ganga. So, I told the concerned authorities that they should do this and I think it will be done after the present flood season is over.

With regard to the oil refinery itself, it is protected on all sides with embankments. They are taking care of the embankment but as the hon. Member has said, I am trying myself to find out how Gupta's name has come. I am not able to find out. This Gupta embankment and the upstream portion called Roopnagar embankment, both are one and the same. They are just two names for a customary embankment. At the Mokameh bridge, the downstream side is called Gupta embankment and the other is called the Roopnagar embankment. No breach has occurred in the Gupta embankment. If a breach has occurred in the Gupta embankment, then there will be a great disaster for the oil refinery because directly the water enters the refinery. But the Gupta embankment is perfectly intact and safe and in fact I am suggesting to them—I have not seen the area myself except that I had been there a long time back, next time when I go there, I will take some of the officers with me—that we should provide for a second line of defence. But the Gupta embankment is not breached. The breach occurred in the upstream embankments upstream of the bridge near the guide bank. I do not know exactly the reason for it. May be due to erosion, very likely due to erosion. I wish I had more information about it. But, generally, when vital matters are concerned, one should take extra precaution.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA : The main point made by Mr. Vajpayeeji has not been answered whether it will be made a joint responsibility of the Centre and the State because of the vast industrial complex. That was the main point.

DR. K. L. RAO : The flood control is entirely State subject. The Centre is only giving loan assistance. The safety of the embankment, looking after, maintenance and construction, everything, belong to the State Government. But I did not say very much because I feel also that the Centre is only a co-ordinating organization to give loans and technical assistance. Otherwise, they are not in charge of maintenance of this project and embankments. Still, I concede to this extent that where central vital installations are there, they should also give attention to this aspect.

**श्री शशि भूषण** (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, बरौनी के तेल शोधक कारखाने में जहां एक तरफ सुना है कि पानी भर रहा है वहां दूसरी तरफ हमारी रेलवे लाइन है जो कि हमारे राष्ट्रीय महत्व की है और पूर्वी क्षेत्र में इस समय मैं कह सकता हूँ कि विदेशियों का खतरा बहुत ज्यादा है इसलिए उस रेलवे लाइन को बचाने का भी प्रश्न है और साथ ही साथ जो वहां हमारी बड़ी सड़क है उसको भी बचाने का प्रश्न है। तो इन सब बातों को देखते हुए मैं प्रधान मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूँ क्या वे स्वयं भी वहां का एक दौरा करेंगे या फिर अपने उच्चाधिकारियों को भेजेंगे और इस बात की कोशिश करेंगे कि आइन्दा आने वाले समय में, महीने दो महीने में जब हमारे देश के

सामने खतरा आने वाला हो उस खतरे को यह जो बाढ़ आई है वह बढ़ायेगी नहीं क्या इस बात के लिए फौरन रोकथाम करेंगे और इसके लिए बाकि जो संबंधित विभाग है उसका सहयोग भी लेंगे ?

साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के जहां भी बड़े-बड़े इंडस्ट्रियल काम्प्लेक्स बने वहां जगह-जगह जो बांध हों—चाहे गुप्ता जी के नाम पर हों या किसी नाम पर मैं नहीं जानता—ऐसे बांधों का निरीक्षण सरकार पहले करा लिया करेगी ताकि आगे ऐसी दिक्कत न आये और यह जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर न छोड़ी जाये जबकि केन्द्र का इतना पैसा वहाँ पर लगाया गया हो ? इस काम को पहले ही कर लेना चाहिए था लेकिन क्या अब सरकार उस बांध को अपने हाथ में लेगी ताकि आइन्दा वह न टूट सके ?

अन्त में मैं यह भी जानना चाहूंगा कि जो अभी सन्तों के कदमों का जिक्र किया गया है क्या राजाओं के कदमों से उनकी निगाह अब सन्तों के कदमों पर जाने लगी है ?

DR. K. L. RAO : As the hon. Member suggested, I am sending the Chief Engineer from the CWPC to Bihar to inspect the site and discuss with the Chief Engineer of Bihar Government. Regarding the other question, there has been flood everywhere, not only here, but in other places also. Fortunately the railway line is not affected. Not only here, but everywhere the railway line is safe. The Ganga contained a steady level for a long time ; and now it is time that it will begin to recede in the next few days.

**श्री कमल मिश्र मधुकर** (केसरिया) : अध्यक्ष जी, बिहार में जो बाढ़ आई है वह अभूतपूर्व है। बिहार के एक करोड़ लोग इस बाढ़ से पीड़ित हैं, दो सौ ब्लाक बाढ़ से पीड़ित हैं और 15 हजार स्क्वायर माइल्स के एरिया पर बाढ़ का प्रभाव पड़ा है। गंगा नदी के किनारे जितने शहर हैं उनमें भयंकर स्थिति पैदा हो गई है और पटना के विषय में तो यहां पर बयान ही किया जा चुका है। साथ ही मैं आपको यह भी बताऊं कि जो आंकड़े सरकार की तरफ से पेश किये गये हैं वह गलत आंकड़े हैं। बिहार के आर्यवृत अखबार में 30 जुलाई को निकला था कि खतरे के बिंदु से पानी 65 सेन्टीमीटर अधिक था लेकिन आपकी रिपोर्ट में उसको घटाकर बताया गया है। पता नही चलता है कि आपके अधिकारी लोग गलत रिपोर्ट से क्या सरकार को गुमरहा करते हैं। फिर भी मैं जानना चाहता हूं कि यह बाढ़ जो आई जिससे बरौनी को खतरा पैदा हो गया, आपने बयान भी दिया है लेकिन इन बातों को आप साफ-साफ बताइये कि जिस समय बरौनी का कारखाना कायम हो रहा था जोकि इतना बड़ा केन्द्रीय संस्थान था तो क्या उस समय आपने कोई ऐसी व्यवस्था की थी जिसके अन्तर्गत विशेषज्ञों ने जांच की हो कि बरौनी जो गंगा के किनारे है वहां बाढ़ आने पर गंगा का पानी इतनी ऊंचाई तक जा सकता है और उससे ऊंचे नहीं जा सकता है और उसके लिए प्रोटेक्टिव मेजर्स पहले से ही लेने चाहिये थे—क्या आपने कोई ऐसी रिपोर्ट ली थी ? यदि हाँ, तो क्या उसमें यह बात बताई गई है और जो गंगा में इस साल इतना पानी बढ़ गया है वह उस रिपोर्ट के साथ मेल खाता है या नहीं ? यदि मेल नहीं खाता है कि वह रिपोर्ट किन इंजीनियर्स ने आपको दी और अगर आपने ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं ली तो क्यों नहीं ली और शुरू में ही ऐसे प्रोटेक्टिव मेजर्स क्यों नहीं लिए जिससे कि बरौनी में जहां कि रेलवे जंकशन है, उर्वरक कारखाना है, रिफायनरी है और साथ ही साथ पावर स्टेशन है उनकी सम्पूर्ण सुरक्षा की गारन्टी हो सकती ? आपने इस प्रकार का कदम पहले ही क्यों नहीं उठाया ? आपने बयान में कहा है कि राज्य सरकार इन तमाम विभागों के सहयोग से काम ले रही है। मैं जानना चाहूँगा कि औद्योगिक विकास, पेट्रो रसायन, सिंचाई और रेलवे ये जो संबंधित मन्त्रालय हैं उन तमाम मंत्रालयों का एक कोआर्डिनेटेड प्रोग्राम बनाने जा

[श्री कमल मिश्र मधुकर]

रहे हैं जिससे कि बरौनी के इन तमाम संस्थानों को बचाया जा सके ?

तीसरी बात आप यह भी बतायें कि जहां जहां नदियों के किनारे पर ऐसे संस्थान हैं उनको बचाने के लिए आप क्या कदम उठाने जा रहे हैं जिससे कि इन संभाविक खतरों को बचाया जा सके और आइन्दा ऐसे खतरे उत्पन्न न होने पाये ?

इन तीनों प्रश्नों का जवाब मन्त्री जी साफ-साफ दें। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मैं भी उन सदस्यों के साथ में हूँ जिन्होंने यह मांग की है कि बरौनी जैसे क्षेत्र के लिए आपके जवाब से ही पर्याप्त संतोष नहीं होगा बल्कि सदर में इस पर बहस भी होनी चाहिए और इस बात की कोशिश होनी चाहिए कि आइन्दा कभी बाढ़ आये तो उससे पहले ही सारी कार्यवाहियां कर ली जाये जिससे बरौनी में कोई खतरा पैदा न हो सके।

DR K. L. RAO : There will be a debate in this House on the flood situation on the 12th instant, and hon. Members can then participate in the discussion and make these suggestions and have discussions on the subject.

The hon. Member has said that the newspaper people have given some information and, therefore, the information that I have given is incorrect. I would like to submit that the source is the same. The newspaper people come to our people at Gandhighat near Patna, for that is the only place where we have a gauge. and from the officers there they get the information. Nowadays observations are given in metres instead of fact and there appears to be some confusion in the conversion. That is how the Newspaper people have not been able to give correct information. The information that I have given is entirely correct. I was myself there on the 30th of last month. The water is practically above the ground level there, and there is a small wall which was preventing the water from coming inside.

With regard to the other question about coordination and so on, I have submitted already that the safety and the maintenance of the banks is entirely a State subject and the State is doing it. But wherever vital installations of the Centre are concerned, the Centre must also take greater interest and take some steps to ensure that water does not come in due to any possible breaches. But one cannot say about these breaches. If these are caused by erosion, then one cannot prevent things like that, because it is impossible to do so ; one can only build another second line of defence. For example. this year, the worst damage happened in Bihar on account of three breaches ; they were on the Gandak at Peprasi. Madhubani bank, and the Alampur sector embankment near Katihar. In these breaches, the water has come close and has tried to erode it ; nothing can be done in these cases, because thousands of miles of embankment are there. The only action to be taken is that in a vital place like this, one can build up a second line of defence so that even if the first embankment breaches, the water does not go far inside. This is the precaution that could be taken, and I am working on that, and I would advise the State Government and the Ministry of Petroleum and Chemicals to do it.

**श्री विभूति मिश्र** (मोतीहारी) : अध्यक्ष जी, मेरा प्वाइन्ट आफ आर्डर है, बरौनी में जितने संस्थान हैं, सभी सैन्ट्रल गवर्नमेंट के हैं— रेलवे सैन्ट्रल गवर्नमेंट का है, पेट्रोलियम सैन्ट्रल गवर्नमेंट का है, फर्टिलाइजर सैन्ट्रल गवर्नमेंट का है, स्टेट गवर्नमेंट उस को कहां से बचायेगी ?

**श्री कमल मिश्र मधुकर** : आप अब ऐसी बात कह रहे है, पहले से आपने उनको गाइड क्यों नहीं किया।

MR. SPEAKER : Order. May I request the hon. Members to please sit down ?

---

**12.33 hrs.**

## QUESTION OF PRIVILEGE AGAINST EDITOR ETC OF *U. KYROWHKA RILUM*, SHILLONG

MR. SPEAKER : The House will recall